“ तुम्हारा एक लक्ष्य होना चाहिए और उस लक्ष्य को पाने का साहस होना चाहिए, तुममें कोई निर्णय लेने का साहस होना चाहिए, तुम्हें यह मालूम होना चाहिए कि सफलता और असफलता को कैसे संभालना है तथा इस व्यवस्था में उच्चता होनी चाहिए। सबसे बढ़कर तुम्हें निष्ठा के साथ काम करना चाहिए तथा निष्ठा के साथ सफल होना चाहिए।”

समय अनमोल हैं। यह एक ऐसा संसाधन है, जिस पर किसी का नियंत्रण नहीं है, लेकिन अगर इसका सोच-समझकर इस्तेमाल किया जाए तो वे सभी कार्य आसानी से किए जा सकते हैं, जिन्हें आप करना चाहते हैं।”

“ इंसान को कठिनाईयों की आवश्यकता होती है, क्योंकी सफलता का आनंद उठाने के लिए ये जरुरी है ।”

“ संकुचित मानसिकता मतभेदों को जन्म देती है, जबकि सोच के खुलेपन से नए दृष्टिकोण का विकास होता है, जिससे मतभेद स्वत: ही दूर हो जाते हैं।”

“ राष्ट्र लोगों से मिलकर बनता है। और उनके प्रयास से, कोई राष्ट्र जो कुछ भी चाहता है उसे प्राप्त कर सकता है।”

“ आज हम जो हैं, वह हमारा भाग्य है। कल जो होंगे, वह हमारे आज के कर्म तय करेंगे।”

“ पहली चीज है कठिन श्रम। आप परिश्रम करेंगे तो भाग्य भी आपकी सहायता करेगा। मशहूर कहावत है : ‘ईश्वर उनकी सहायता करता है जो अपनी सहायता स्वयं करते हैं।”

“ जीवन एक निरन्तर बहती धारा है। हर दिन अनोखा है और हर काम की अपनी चुनौतियाँ हैं। हमें अपने काम से प्यार करना सीखना चाहिए और इसके हर क्षण का आनन्द लेना चाहिए।”

“ इससे पहले कि आपके सपने सच हों आपको सपने देखने होंगे ।”

“ स्वप्न देखो, स्वप्न देखो, स्वप्न देखो – स्वप्न विचारों में बदलते हैं। विचार तुम्हें सच्ची मेहनत की ओर ले जाते हैं। मेहनत से कार्य संभव होते हैं और तुम सफल हो जाते हो।”

“ चलिए मैं एक लीडर को डिफाइन करता हूँ। उसमे एक विजन और पैशन होना चाहिए और उसे किसी समस्या से डरना नहीं चाहिये। बल्कि, उसे पता होना चाहिए कि इसे हराना कैसे है। सबसे जरुरी, उसे ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए।”

“ जीवन में कठिनाइयाँ हमे बर्बाद करने नहीं आती है , बल्कि यह हमारी छुपी हुई सामर्थ्य और शक्तियों को बाहर निकलने में हमारी मदद करती है, कठिनाईयों को यह जान लेने दो कि आप उससे भी ज्यादा कठिन हो ।”

किसी विद्यार्थी की सबसे जरुरी विशेषताओं में से एक है प्रश्न पूछना। विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने दीजिये।”

“ आप अपनी जॉब से प्यार करें, अपनी कंपनी से नहीं, क्योंकि आप नहीं जानते कि कब आपकी कंपनी आपको प्यार करना

बंद कर दे ।"

" सफलता की कहानियाँ मत पढ़ो उससे आपको केवल एक सन्देश मिलेगा | असफलता की कहानियाँ पढ़ो उससे आपको सफल होने के कुछ आइडियाज (विचार) मिलेंगे ।"

" हम केवल तभी याद किए जाएंगे यदि हम हमारी युवा पीढ़ी को एक समृद्ध और सुरक्षित भारत दे सके जो कि सांस्कृतिक विरासत के साथ साथ आर्थिक समृद्धि के परिणाम स्वरूप प्राप्त हो ।"

" ज्ञान की प्राप्ति से ही तुम्हारे अंदर विश्वास आएगा। हमें असफलता से नहीं डरना चाहिए। हमें हर असफलता से शिक्षा लेनी चाहिए और जीवन में उसका प्रयोग करना चाहिए। इससे तुम्हारी सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा। अपने काम पर ध्यान देने से तुम्हरा आलस्य दूर होगा।"

" मेरे लिए नकारात्मक अनुभव जैसी कोई चीज नहीं है ।"

" जो लोग आधे – अधूरे मन से कोई काम करते है उन्हें आधी अधूरी , खोकली सफलता मिलती है जो चारों ओर कड़वाहत भर देती है ।"

" उत्सुक बनो, प्रश्न पूछो और मेहनत करो, बाकी सब अपने-आप होने लगेगा।"

“ देखिये, भगवान् केवल उन्ही की मदद करता है जो कड़ी मेहनत करते हैं। ये सिद्धांत बिलकुल स्पष्ट है।”

“ आइये हम अपने आज का बलिदान कर दें ताकि हमारे बच्चों का कल बेहतर हो सके ।”

“ हमें एक अरब लोगों के देश की तरह सोचना और काम करना चाहिए, ना कि दस लाख आबादी वाले देश की तरह।”

“ मेरे लिए, नकारात्मक अनुभव जैसी कोई चीज नहीं है।”

“ वे लोग ही सबसे अधिक सफलता प्राप्त करते हैं, जो दूसरों की राय की परवाह किए बिना, अपनी रूचि का विषय तथा कार्य अपने लिए चुनते हैं।”

“ ढाई हजार सालों से भारत ने किसी पे आक्रमण नहीं किया है।”

“ क्या हम नहीं जानते कि आत्म-सम्मान आत्म निर्भरता के साथ आता है ?”

“ दुनिया की आबादी के लगभग आधे लोग ग्रामीण क्षेत्रों में और ज्यादातर गरीबी की हालत में रहते है । मानव विकास में इस की असमानता ही दुनिया में अशांति और हिंसा के प्राथमिक कारणों में से एक है ।”

“ हमें युवाओं को नौकरी चाहने वालों की अपेक्षा नौकरी देने वाला बनाना होगा ।”

“ महान सपने देखने वालों के महान सपने हमेशा पूरे होते हैं।”

“ जीवन एक कठिन खेल है। आप एक व्यक्ति होने के अपने जन्मसिद्ध अधिकार को बनाये रखकर इसे जीत सकते हैं ।”

“ अंग्रेजी आवश्यक है क्योंकि वर्तमान में विज्ञान के मूल काम अंग्रेज़ी में हैं। मेरा विश्वास है कि अगले दो दशक में विज्ञान के मूल काम हमारी भाषाओं में आने शुरू हो जायेंगे, तब हम जापानियों की तरह आगे बढ़ सकेंगे।”

“ भारत में हम बस मौत, बीमारी, आतंकवाद और अपराध के बारे पढ़ते है ।”

" प्रश्न पूछना एक अच्छे छात्र की निशानी है इसलिए उन्हें प्रश्न करने दो ।"

" सपने देखो, मेहनत करो और लगे रहो। आपके जीवन में उद्देश्य अवश्य होना चाहिए। उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करो। कार्य करते हुए आपके मार्ग में समस्याएँ भी अवश्य आएँगी लेकिन साहस से उनका सामना करो और सफलता प्राप्त करो। यदि ईश्वर हमारे साथ है तो हमें कौन रोक सकता है ?"

" हमें उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए और ना ही परेशानियों को यह मौका देना चाहिए कि वो हमें हर सकें ।"

" जब तक भारत दुनिया के सामने खड़ा नहीं होता, कोई हमारी इज्जत नहीं करेगा। इस दुनिया में, डर की कोई जगह नहीं है। केवल ताकत ताकत का सम्मान करती है।"

" कविता बहुत अधिक ख़ुशी और दु:ख में ही उत्पन्न होती है ।"

" जीवन में कोई भी उपलब्धि अन्तिम नहीं होती। यह अनन्त होती है। व्यक्ति एक मिशन से दूसरे की ओर बढ़ता चला जाता है। कभी आपको सफलता प्राप्त हो जाती है, तो कभी नहीं होती, लेकीन आप अपने उद्योग में लगे रहते हैं और गिरते-चढ़ते आगे बढ़ते चले जाते हैं। यही जीवन है।"

“ अपनी पहली सफलता के बाद आराम करने में मत लग जाओ क्योंकी अगर तुम दूसरी बार में असफल हो गए तो कई होंठ ये कहने को तैयार रहेंगे कि पहली सफलता किस्मत से मिल गयी थी ।”

“ अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो तो पहले तुम्हे सूरज की तरह जलना होगा ।”

“ महान लोगो के लिए धर्म दोस्त बनाने का एक तरीका है और छोटे मानसिकता वाले लोगों के लिए लड़ने का ।”

“ हमें हार नहीं माननी चाहिए और हमें समस्याओं को खुद को हराने नहीं देना चाहिए।”

“ इंतजार करने वालों को केवल उतना ही मिलता है जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते है ।”

“ निष्ठा के साथ काम करो और निष्ठा के साथ सफल होओ-जीवन का आदर्श वाक्य होना चाहिए। पूरे समाज की शान्ति और सौहार्द्र के साथ प्रगति करने का यही एक उपाय है।”

“ सपने वे नहीं, जो हम नींद में देखते हैं, सपने वे हैं, जो हमें सोने नहीं देते हैं।”

“ पक्षी अपने ही जीवन और प्रेरणा द्वारा संचालित होता है।”

" हम सभी के पास बराबर योग्यता नहीं है पर हम सभी अपनी योग्यता को साबित करने के बराबर के अवसर है ।"

" शिखर तक पहुँचने के लिए ताकत चाहिए होती है, चाहे वह माउंट एवेरस्ट का शिखर हो या आपका पेशा ।"

" मैं हमेशा इस बात को स्वीकार करने के लिए तैयार था कि मैं कुछ चीजे नहीं बदल सकता।"

" उत्कृष्टता एक सतत प्रक्रिया है कोई दुर्घटना नहीं।"

" तब तक लड़ना मत छोड़ों जब तक अपनी तय की हुई जगह पे ना पहुँच जाओ। यदि चार बातों का पालन किया जाए – एक महान लक्ष्य बनाया जाए, ज्ञान अर्जित किया जाए, कड़ी मेहनत की जाए, और दृढ़ रहा जाए – तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है।"

" मुझे बताइए, यहाँ का मिडिया इतना नकारात्मक क्यों है ? भारत में हम अपनी अच्छाईयों, अपनी उपलब्धियों को दर्शाने में इतना शर्मिंदा क्यों होते हैं ? हम एक महान राष्ट्र हैं। हमारे पास ढेरों सफलता की गाथाएँ हैं, लेकिन हम उन्हें नहीं स्वीकारते। क्यों ?"

" किसी भी धर्म में उसे बनाए रखने और बढ़ाने के लिए दूसरों को मारना अनिवार्य नहीं बताया गया है।"

" आकाश की तरफ देखिये। हम अकेले नहीं हैं। सारा ब्रह्माण्ड हमारे लिए अनुकूल है और जो सपने देखते हैं और मेहनत करते

हैं उन्हें प्रतिफल देने की साजिश करता है।”

“ आइये हम अपने आज का बलिदान कर दें ताकि हमारे बच्चों का कल बेहतर हो सके।”

“ कृत्रिम सुख के बजाये ठोस उपलब्धियों के पीछे समर्पित रहिये।”

“ भगवान, हमारे निर्माता ने हमारे मस्तिष्क और व्यक्तित्व में असीमित शक्तियां और क्षमताएं दी हैं। ईश्वर की प्रार्थना हमें इन शक्तियों को विकसित करने में मदद करती है।”

“ अगर किसी देश को भ्रष्टाचार – मुक्त और सुन्दर मन वाले लोगों का देश बनाना है तो, मेरा दृढ़तापूर्वक मानना है कि समाज के तीन प्रमुख सदस्य ये कर सकते हैं। पिता, माता और शिक्षक।”

“ यदि हम स्वतंत्र नहीं हैं तो कोई भी हमारा आदर नहीं करेगा।”

“ भारत में हम बस मौत, बीमारी, आतंकवाद और अपराध के बारे में पढ़ते हैं।”

“ अपने मिशन में कामयाब होने के लिए, आपको अपने लक्ष्य के प्रति एकचित्त निष्ठावान होना पड़ेगा।”

“ ईश्वर हर जगह है ।”

“ मुझे पक्का यकीन है कि जब तक किसी ने नाकामयाबी की कड़वी गोली न चखी हो, वो कामयाबी के लिए पर्याप्त महत्वाकांक्षा नहीं रख सकता।”

“ मैं महसूस करता हूँ कि छोटे लक्ष्य रखना बड़ा अपराध है। ”

“ भ्रष्टाचार जैसी बुराइयाँ कहाँ से पनपती हैं ? ये कभी न खत्म होने वाले लालच से आती हैं। भ्रष्टाचार – मुक्त नैतिक समाज के लिए लड़ाई इस लालच के खिलाफ लड़ी जानी होगी और इसे “मैं क्या दे सकता हूँ” की भावना से बदलना होगा।”

“ किसी भी मिशन की सफलता के लिए, रचनात्मक नेतृत्व आवश्यक है।”

“ युवाओं को जॉब सीकर्स से जॉब जनरेटर्स बनने के लिए सक्षम बनना होगा।”

“ राष्ट्रपति के तौर पे एक बेहद कठिन काम जो मेरे पास था वो था अदालतों द्वारा दिए गए मृत्यु दंड की पुष्टि करना।”

“ बहुत सी ऐसी महिलाएं हैं जो समाज में भारी परिवर्तन लेकर आई हैं।”

“ जब एक देश हथियारबंद देशों से घिरा होता है तो उसे खुद को तैयार करना पड़ता है।”

*

“ क्षमता का निर्माण करना अंतर को भंग करता है। इससे असमानताएं खत्म हो जाती हैं।”

“ महान शिक्षक ज्ञान, जूनून और करुणा से निर्मित होते हैं।”

“ युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता।”

“ भविष्य में सफलता के लिए क्रिएटिविटी सबसे जरुरी है, और प्राइमरी एजुकेशन वो समय है जब टीचर्स उस स्तर पर बच्चों में क्रिएटिविटी ला सकते हैं।”

“ इग्नाईटेड माइंडस के खिलाफ कोई भी प्रतिबन्ध खड़ा नहीं हो सकता।”

“ सभी युद्ध विवाद सुलझाने के तरीके की विफलता को दर्शाते हैं, और युद्ध के बाद उन्हें फिर से विश्वास, भरोसा और साहस पैदा करने की जरुरत होती है।”

“ अर्थव्यवस्था ने मुझे शाकाहारी बनने के लिए मजबूर किया, लेकिन अंत में मैं इसे पसंद करने लगा।”

“ विज्ञान मानवता के लिए एक खुबसूरत तोहफा है; हमें इसे बिगाड़ना नहीं चाहिए।”

“ हमें बच्चों को प्रश्न करने की आजादी देनी चाहिए और धैर्यपूर्वक उनके उत्तर देने का प्रयत्न करना चाहिए-जब तक वे सन्तुष्ट न हो जाएँ। यह बहुत जरुरी है। जानने की इच्छा ही रचनात्मकता का आधार है और इसी के साथ प्रश्नकर्ता मस्तिष्क; दोनों के मेल से वैज्ञानिक प्रवृत्ति का निर्माण होता है।”

“ विज्ञान और तकनीकी के लाभ सामान्य जन, विशेषकर, ग्रामीणों को, प्राप्त होना चाहिए। ‘पुरा’ योजना प्रोविजन ऑफ अर्बन एमेनिटीज टू रूरल इंडिया-ग्रामीण भारत को नागरिक सुविधाएँ प्रदान करना-के द्वारा यही कार्य किया जा रहा है। प्रादेशिक भाषाओं के माध्यम से भी विज्ञान की शिक्षा का आरम्भ किया जाना चाहिए।”

“ जानने की इच्छा ही रचनात्मक का आधार है और इसी के साथ प्रश्नकर्ता मस्तिष्क; दोनों के मेल से वैज्ञानिक प्रवृत्ति का निर्माण होता है।”

“ अब उँगली की एक क्लिक पर उपलब्ध जानकारी मुझे आश्चर्यचकित कर देती है।”